## शहर >> अपडेट

### मॉडल आवासीय विद्यालय के समक्ष धरना कल

**तमाड़ :** जेबीकेएसएस के तत्वावधान में शुक्रवार को सलगाडीह स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों को 70% नामांकन सुनिश्चित करने, कला एवं वाणिज्य की पढ़ाई विद्यालय में फिर से चालू करने, दिवाकालीन छात्रों का पुनः नामांकन करने, विषयवार शिक्षको को बहाल करने एवं जनजातीय व क्षेत्रीय भाषाओ की पढ़ाई शुरू करने आदि मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इसकी जानकारी महिला नेत्री दमयंती मुंडा ने दी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### जयपाल सिंह मुंडा की मनायी गई 121 वीं जयंती

**तमाड़ :**झारखंड के महान सपूत महापुरुष परम आदरणीय माराग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा की 121 वीं जयंती 03 जनवरी, 2024 के अवसर पर मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा चौक सोरलोंगा (पुंडीदिरी) तमाड़ में मनाया गया। सबसे पहले उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फाउंडेशन झारखन्ड प्रदेश के बैनर तले उपस्थित होकर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर सड़क से लेकर सदन तक उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई तथा उनके बताएं मार्ग पर चलकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने को कहा गया ।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सह तमाड़ विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर व उनकी धर्म पत्नी आरती देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर अनिता देवी, बसंती देवी, शारदा देवी, जीरामानी मुंडा, पूजा मुंडा,शंभू नाथ मुंडा, जयपाल पातर,सुशील मुंडा, संतोष मुंडा, मुकेश पातर,जीतेश मुंडा, कन्हाई पातर, करम सिंह मुंडा, हिकिम सिंह मुण्डा, रंजीत मुंडा,अविनाश पातर, लक्ष्मन मुंडा, हरि मुंडा, दिनेश मुंडा, नरेश मुंडा, मिहिर चंद्र मुंडा, निर्मल पुरान, उमेश मुंडा, छोटेलाल कसेरा, बिरेंद्र नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

**बैठक** सीटू की ओर से कोक ओवेन विभाग में ठेका मजदूरों की बैठक

# नाइट शिफ्ट में काम करने के बावजूद भी नहीं मिलता नाइट एलाउंस : गोराई



- ग्रुप इंश्योरेंस का लाभ नहीं मिलता है
- बी केटेगरी के मजदूरों की स्थिति और बुरी है

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** इस्पात मजदूर मोर्चा, सीटू की ओर से कोक ओवेन विभाग में ठेका मजदूरों की एक आवश्यक बैठक सुरेश साव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के संगठन सचिव आरके गोराई ने कहा कि आज की तारीख में ठेका मजदूर प्लांट की रीढ़ है। जो तीनों शिफ्ट में उत्पादन का काम 25 वर्ष से भी ज्यादा समय से कर रहे हैं, लेकिन उनको ग्रेच्यूटी का लाभ नहीं दिया जा रहा है। उसे ग्रुप इंश्योरेंस का लाभ नहीं मिलता है। वह एक ही ग्रेड में ज्वाइन करता है और उसी में रिटायर कर जाता है। नाइट शिफ्ट में काम करने के बावजूद उसे नाइट एलाउंस नहीं मिलता है। बी केटेगरी के मजदूरों की स्थिति तो और भी बुरी है। ठेका मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर कई एक बार बोकारो प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा जा चुका है।

अभी हाल में पहले की मांग पत्रों के साथ जोड़ते हुए दिनांक 20 दिसंबर को अधिशासी निदेशक, कार्मिक को संबोधित करते हुए पुनः मांग पत्र सौंपा गया है। जिसकी प्रति अधिशासी निदेशक,संकार्य, सीजीएम, कार्मिक एवं साथ ही साथ क्षेत्रीय श्रमायुक्त (केंद्रीय) धनबाद को भी दिया गया। लेकिन अभी तक बोकारो प्रबंधन की ओर से कोई पहल नहीं की गई है, जिसके कारण मजदूरों में काफी गुस्सा है जो आने वाले समय में कभी भी विस्फोट रुप ले सकती है। इसलिए युनियन प्रबंधन से मांग करती है कि मजदूरों के सवालों पर अविलंब वार्ता कर समस्याओं का निदान करें। साथ ही इस रिवीजन में ठीका मजदूरों की एक रुपया भी बढ़ोत्तरी नहीं की गई है।

इसलिए मजदूर आगामी 29-30 जनवरी की सेलव्यापी हड़ताल में शामिल होने का भी मन बना चुकी है। बैठक में राजीव कुमार, सोफी यादव, फूलचंद यादव, केदार राय, छोटू मांझी, दूलआरई, गौरीमन, सावित्री, विमला, शिबू महतो, धीरेन रजक, खूबलाल यादव, जीतू रजक, श्रीपद महतो, रोहिण मांझी, दिगंबर, श्याम सुन्दर, जमादार सुंडी, बिरंची दास सहित दर्जनों मजदूर उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### जयपाल सिंह मुंडा की 121वीं जंयती मनाई गई



**बोकारो :** सेक्टर 12 स्थित जयपाल नगर में मांराग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 121वीं जंयती मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने जयपाल सिंह मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता करते हुए रेंगो बिरूवा ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा भारतीय आदिवासी समाज और झारखंड आंदोलन के एक सर्वोच्च नेता थे। वे कुशल राजनीतिज्ञ, पत्रकार, लेखक, संपादक, शिक्षाविद् व 1925 में ऑक्सफोर्ड ब्लू का खिताब पाने वाले हॉकी के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी थे। उनके कप्तानी में 1928 के ओलिंपिक में भारत ने पहला स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक भारत में जयपाल सिंह मुंडा सर्वोच्च सरकारी पद पर भी आसीन थे। आदिवासियों के उत्थान के लिए सिविल सर्विस का पद त्याग कर वे राजनीति में सक्रिय हुए और सर्वप्रथम अलग झारखंड राज्य का मांग की। मौके पर सोनाराम गोडसोरा, लाल हेंब्रम, घनश्याम बिरूली, दीपक गोडसोरा, साहिल गोडसोरा, प्रमोद लोहार, भुवनेश्वर बिरूली आदि मौजूद थे।

### माता सावित्रीवाई फुले की जयंती मनाई गई



**बोकारो :** सेक्टर 8 सी विस्थापित चौक में क्रांति ज्योति माता सावित्री वाई फुले की जयंती समारोह पारिवारिक सहायता केंद्र के तत्वाधान में मनाया गया। अध्यक्षता केंद्र के अध्यक्ष मदन मोहन महतो एवं संचालन मनोज कुमार महतो ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के गुलामी के खिलाफ भारतवर्ष के प्रथम महिला शिक्षिका क्रांति ज्योति माता सावित्रीबाई फुले ने ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर विद्रोह किया। बालिका एवं महिलाओं को शिक्षित करते हुए फैले हुए रूढ़िवादी परंपराओं को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समस्त महिलाओं के लिए इनकी संघर्ष के बदौलत थी, आज हर क्षेत्र में शिखर पर स्थापित हुई है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जयप्रकाश महतो, संतोष महतो, महावीर महतो, रामनाथ रजक, खेदन रजक, सुधीर कुमार, समरेश कुमार महतो, सत्येंद्र कुमार, शंकर कुमार महतो, धनेश्वर महतो, जयप्रकाश कुमार, चितरंजन कुमार, रतन रजक एवं अन्य उपस्थित थे।

### होमगार्ड की बहाली में हुई है अनियमितता

**बोकारो :** झारखंड रक्षा वाहिनी संयुक्त मोर्चा बोकारो के महासचिव निरंजन प्रसाद सिंह ने उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक बोकारो को आवेदन देकर बोकारो जिला गृह रक्षक की बहाली में अनियमितता होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि होमगार्ड की मेघा सूची में काफी गड़बड़ी की गई है। गृह रक्षा वाहिनी की दौड आदि प्रक्रिया में खासकर शहरी गृह रक्षकों की दौड़ देर रात तक चलती थी और अगले दिन एसआई माजिद आलम मास्टर चार्ट को अधिकारी को भेजते थे। यह अनियमितता नहीं है तो क्या है। साथ ही मास्टर चार्ट को प्रत्येक दिन एसआई माजिद आलम अपने घर ले जाते थे। फिर अगले दिन शेष प्रक्रिया का बहाना बनाकर हेर फेरी करते थे। उन्होंने होम गार्ड की बहाली को रद्द करने की मांग की है। अभ्यार्थियों की जांच के लिए दीपक कुमार ख्वास, जय प्रकाश सिंह, आयुष कुमार सिंह, परशुराम महतो आदि को लगाया गया था। ये सभी दलाली करते थे।

# आबुआ आवास योजना में गड़बड़ी की शिकायत बीडीओं से की



राष्ट्रीय खबर

**कसमार :** कसमार प्रखंड के सिंहपुर पंचायत के ग्रामीणों ने अबुजा आवास योजना में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। इस संबंध में बीडीओ को आवेदन दिया है। आबुआ आवास योजना के लाभुक चयन के लिए बुधवार को सिंहपुर पंचायत सचिवालय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। ग्रामीणों का शिकायत है कि अपने संबंधित प्रतिनिधि द्वारा अपने सगे संबंधियों को अंतिम लिस्ट में शामिल किया गया है। कई योग्य वास्तविक लाभुकों का नाम हटा दिया गया। प्रामाणित करने वाले कर्मियों द्वारा वास्तविक स्थिति को बिना जांच किये ही अंतिम लिस्ट जारी कर दिया गया। ग्रामीण मुकेश शर्मा ने कहा है कि इसमें गड़बड़ी हुई है इसका निष्पक्ष जांच हो और दोषी पर कार्रवाई हो। जहारुदीन अंसारी ने कहा जीओ टेक होने के बाद भी लिस्ट से नाम काट दिया गया है। जबकि हमसे सम्पन्न परिवार के सदस्यों का नाम शामिल है लेकिन मेरा नाम हटा दिया गया है। वहीं सरिता देवी ने आरोप लगाया है कि अबुआ आवास योजना में आनलाइन कराने के बाद भी जांच टीम को भेजा नहीं गया है। इस दौरान मुखिया पंसस वार्ड सदस्य, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण को लेकर चर्चा

राष्ट्रीय खबर



**चांडिल :** श्री राम सनातन समिति चांडिल द्वारा बुधवार को चांडिल बाजार स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे श्रीराम प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और पूरे देश मे साढ़े पांच सौ वर्षों के वनवास पश्चात श्रीराम भगवान के लौटने को लेकर हिंदुओं में उत्साह व खुशी को देखते हुए, एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन करने को लेकर एक तैयारी बैठक समिति के अध्यक्ष आकाश महतो की अध्यक्षता में की गई। ताकी सभी राम भक्तो को राम मंदिर नही पहुँच पाने का दुख न हो इसलिए अयोध्या कार्यक्रम व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण चांडिल में किया जाने की तैयारी पर भी चर्चा हुई। साथ ही चांडिल स्टेशन से बाजार तक राम भक्तों द्वारा एक झांकी निकालने। जिसके लिए 17 जनवरी से समाज के निचले स्तर से जनसंपर्क अभियान चलाने, क्षेत्र में भगवा झंडा लगाने पर सहमति बनी। मौके पर श्रीराम सनातन समिति चांडिल के महामंत्री भास्कर मिश्रा, उपाध्यक्ष सुदीप्तो पाल, उपाध्यक्ष नवीन महंती, प्रवक्ता सूरज मिश्रा, यश पाठक, बबलू नमता, राहुल सिंह, संजय हलुवाई, जयंती पांडे, ममता मोदक, प्रणाली नाग, पार्वती महतो आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिक्षा रूपी देवी सावित्रीबाई फुले की मनाई गई जयंती



राष्ट्रीय खबर

**चास :** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के प्रधान कार्यालय कुंवर सिंह कॉलोनी चास में शिक्षा रूपी देवी सावित्रीबाई फुले के जन्म जयंती उनके छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर संस्था के संस्थापक सह सचिव अमल दास के साथ साथ सभी महिलाएं और पुरुष एसोसिएट के द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया। सभी आए पंचायत प्रभारी, जिला प्रभारी, प्रखंड प्रभारी को संबंधित करते हुए कहा कि आज एक इसे नारी के जन्मदिवस है जो आपने जीवनी को समाज के महिलाओं को उत्थान में समर्पित कर दिया था, आगे कहा कि सविता बाई फूले के द्वारा पहला सकूल महिलाओं के लिए पुणे में खुला था और एक एतिहास बन के है, सावित्री बाई फुले के द्वारा बाल विवाह, सती प्रथा आदि जैसे कुप्रथा के खिलाफ दोनो पति पत्नी के द्वारा आंदोलन चलाए गए थे। मौके पर जिला प्रभारी अशोक दास, श्रीकांत दास, जमतराड़ा जिला प्रभारी कासिम अंसारी, निखत प्रवीण, कंचन कुमारी, सुमित्रा देवी, रंजीत कुमार, रेशमा खातून, रेणुका बाउरी, नेहा देवी के अलावे दर्जनों एसोसिएट उपस्थित थे।

# केसीबी कॉलेज में शोक सभा का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बेड़ो:** करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष सह बर्सर के पद पर कार्यरत डॉ राकेश कुमार का निधन के बाद कॉलेज परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। कॉलेज के प्राचार्य,शिक्षकों व कर्मचारियों ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया है। वहीं मौके पर प्राचार्य डॉ विंध्याचल राम, डॉ डेलोमय हंसदा, डॉ अब्दुल अयूब,प्रो नितेश पासवान,प्रो रितेश कुमार सिंह ,डॉ अरूण नाथ देवघरिया,प्रो ब्रम्हानंद साहु, प्रो पूनम कुमारी व सुकुल महतो सहित शिक्षक व कॉलेज कर्मी उपस्थित थे।

# क्षेत्र के सभी बंद माइंस को खोली जानी चाहिए: मंगलू साहू

राष्ट्रीय खबर



**जमशेदपुर:** गुवा क्षेत्र के समाजसेवी मंगलू साहू ने झारखंड राज्य में बढ़ती हुई बेरोजगारी की समस्या पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए राज्य के विभिन्न स्थानों में बंद पड़े लौह अयस्क माइंस को चालू किए जाने की मांग राज्य एवं केंद्र सरकार से की है ।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अगर वैज्ञानिक तरीके से पश्चिम सिंहभूम व राज्य के विभिन्न स्थानों से लौह अयस्क की निकासी माइनिंग की जाती है, तो काफी मात्रा में लौह अयस्क का निष्कासन संभव है । शाह ब्रदर्स, रामेश्वर जूट मिल, निर्मल कुमार प्रदीप कुमार, आधुनिक स्टील, मिश्रीलाल,ठाकुरानी माइंस जैसे दर्जन भर माइंस ने बेरोजगारी की समस्या की मुहर लगा दी है ।क्षेत्र की सारी खदाने खोलने के लिए राज्य सरकार को निर्णय शीघ्र लेनी चाहिए। वर्तमान झारखंड सरकार की रॉयल्टी बंद खदानों की वजह से प्रभावित हो रही है ।राजस्व का नुकसान होना सरकार को आर्थिक नुकसान का संकेत है । समाजसेवी मंगलू साहू ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भारी वाहनों जुड़े लोगो की स्थिति दयनीय होती जा रही है ।संपूर्ण राज्य में हजारों लोगों के बेरोजगार होने की पुष्टि की जा रही है ।अरबों रुपया के राजस्व की क्षति झारखंड सरकार को हो चुकी है।

**ग्राम सभा** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास को लेकर

# बगदा समेत आठ पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित

- मुखिया ने कहा पंचायत का विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है
- राज्य सरकार के द्वारा गरीबों को अबुआ आवास दिया जा रहा है

राष्ट्रीय खबर



**कसमार :** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से बुधवार को कसमार प्रखंड के बगदा पंचायत सचिवालय के सभागार में बगदा मुखिया गीता देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन व बैठक हुआ। इस दौरान बगदा मुखिया गीता देवी ने कहा कि ग्राम सभा के बाद भौतिक सत्यापन कर अबुआ आवास के लिए अहर्ता पूरी करने व योग्य लाभुकों का चयन प्रक्रिया किया जा रहा है। ताकि अहर्ता पूरी पूरी व योग्य लाभुकों को जल्द अबुआ आवास मिल सके। इस दौरान मुखिया ने कहा कि पंचायत का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार आयोजित कार्यक्रम शिविर में लाभुकों द्वारा अबुआ आवास के लिए आवेदन किया था। उसी में से जो लाभुक अहर्ता पूरी रखने वाले योग्य लाभुकों को चयन किया जा रहा है। कहा कि राज्य सरकार के द्वारा गरीबों को अबुआ आवास दिया जा रहा है।

जो भी लाभुक की जांच होने के बाद लिस्ट में नाम आया, वैसे लाभुकों को ग्राम सभा के माध्यम से भौतिक सत्यापन कर प्रखंड कार्यालय में आवेदन जमा किया जाएगा। ताकि जल्द स्वीकृति होकर धरातल पर उतर सके। उसी तरह से बुधवार को कसमार प्रखंड के हिसीम पंचायत सचिवालय में मुखिया बबीता देवी, सिंहपुर पंचायत सचिवालय में मुखिया मंजु देवी, मुरहुलसुदी पंचायत सचिवालय में मुखिया सरिता देवी, दांतू पंचायत सचिवालय में मुखिया चन्द्रशेखर नायक, गर्री पंचायत सचिवालय में मुखिया गीता देवी तथा मधुकरपुर पंचायत सचिवालय में मुखिया राजेन्द्र महतो की अध्यक्षता में ग्राम सभा की बैठक हुई।

मौके पर बगदा पंसस मौ भट्टाचार्य, पूर्व मुखिया विष्णुचरण महतो, पंचायत सचिव कालीपद शर्मा, रोजगार सेवक अनिल महतो, उपमुखिया विरेन्द्र करमाली, पंचायत सचिव भगतू तूरी, हरेन्द्र कुमार, कालीपद शर्मा, अभिषेक कुमार, प्रदीप यादव, रोजगार सेवक पद्मलोचन गोराई, अनिल महतो, दशरथ बेदिया, अखिलेश रजवार, राजु चौधरी, दुलाल सिंह समेत सभी पंचायतों सैकड़ो की संख्या में ग्राम सभा की बैठक में उपस्थित थे।


## कार्यालय जिला परिषद, गुमला

### सैरात बन्दोवस्ती हेतु अल्पकालीन आम सूचना (तृतीय)

एतद् द्वारा सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि जशपुर रोड स्थित स्टेडियम प्रबंधन समिति द्वारा निर्मित कुल 09 दूकानों के उपर तल्ला के दूकान सं0–02 में स्थापित व्यायाम केन्द्र का एक वर्ष के लिये सैरात बन्दोवस्ती हेतु दिनांक 12–01–2024 को जिला परिषद, गुमला के कार्यालय परिसर में अपराह्न 3:00 बजे से डाक हेतु बोली आयोजित की गयी है, जिसका विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | सैरात का नाम | न्युनतम डाक की राशि | जमानत की राशि | आवेदन प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जशपुर रोड स्थित स्टेडियम प्रबंधन समिति द्वारा निर्मित कुल 09 दूकानों के उपर तल्ला के दूकान सं0–02 में स्थापित व्यायाम केन्द्र | 2,50,000/– | 25,000/– | 500/– |

1. आवेदन प्रपत्र दिनांक 03–01–2024 से दिनांक 11–01–2024 अपराह्न 5:00 बजे तक निर्धारित राशि का डिमांड ड्राफ्ट, जो सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से प्रतिश्रित एवं गुमला में भुगतेय हो, जमा कर कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।
2. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट, जो सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से प्रतिश्रित एवं गुमला में भुगतेय हो, दिनांक 11–01–2024 तक जिला परिषद कार्यालय, गुमला में जमा करना होगा। डाक समाप्ति के पश्चात् प्रथम एवं द्वितीय डाकवक्ता को छोड़कर बाकी डाक बोलने वाले व्यक्ति को जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट डाक समाप्ति के पश्चात् लौटा दिया जायगा।
3. विस्तृत शर्तों से संबंधित सहमति पत्र आवेदन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
4. विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें गुमला जिला के वेबसाइट– www.gumla.nic.in / जिला परिषद के सूचना पट्ट / अनुमण्डल कार्यालय, गुमला के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, गुमला।

PR 315054 Rural Development(23-24)D

